हिन्दी (विशिष्ट) - **2011**

कक्षा-**12**वीं

समय - 3 घण्टे] [ पूर्णांक - 100

निर्देश- (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) वस्तुनिष्ठ प्रश्न सबसे पहले हल कीजिए।

(iii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिये एक-एक अंक निर्धारित है। कल (5x5=25 अंक)।

(iv) प्रश्न क्रमांक 6 से 10 तक प्रत्येक के लिये चार-चार अंक निर्धारित हैं।

(v) प्रश्न क्रमांक 11 से 19 तक प्रत्येक के लिये पाँच-पाँच अंक निर्धारित हैं।

(vi) प्रश्न क्रमांक 20 के लिए दस अंक है।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न- 1x5=5

प्रश्न 1. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

(i) सुमित्रानंदन पंत ........ के प्रमुख कवि हैं। (प्रगतिवाद, छायावाद)

(ii) सहृदय के हृदय में स्थित अस्थायी भाव को ....... कहते हैं। (संचारी भाव, अनुभाव)

(iii) ......... में लेखक स्वयं के जीवन की कथा प्रस्तुत करता है। (आत्मकथा, जीवनी)।

(iv) द्वीप नदी के ....... हैं। (सहचर, पुत्र) http://www.mpboardonline.com

(v) 'रांगोली' निबंध के लेखक ...... हैं। (डॉ. रघुवीर सिंह, डॉ. शिवप्रसाद सिंह)

प्रश्न 2. निम्नलिखित कथनों में सत्य/असत्य छाँटिए- 1x5=5

(i) महाकाव्य का कलेवर विस्तृत होता है।

(ii) चिराग तले अँधेरा का अर्थ है- चिराग के नीचे अँधेरा।

(iii) गोपियों के मन में बलदाऊ बसे थे।

(iv) कविता पढ़ते समय विराम या रुकने को तुक कहते हैं।

(v) 'रानी केतकी की कहानी' को हिंदी का सर्वप्रथम लघु उपन्यास मानते हैं।

प्रश्न 3. निम्नलिखित की सही जोड़ी बनाइए- 1x5=5

| | (अ) | (ब) |
|---|---|---|
| (i) | मध्यवर्गीय परिवार की समस्या | (1) ऊषा प्रियंवदा |
| (ii) | रामचन्द्र शुक्ल | (2) हास |
| (iii) | वापसी | (3) नये मेहमान |
| (iv) | प्रकृति के सुकुमार कवि | (4) चिन्तामणि |
| (v) | हास्य रस का स्थायी भाव | (5) सुमित्रानंदन पंत |

प्रश्न 4. सही विकल्प चुनिए- 1¼x4 =5

(i) शरद जोशी प्रसिद्ध हैं-

(1) कवि के रूप में (2) ग़ज़लकार के रूप में

(3) व्यंग्य लेखक के रूप में (4) इतिहासकार के रूप में

(ii) गजाधर बाबू नौकरी करते थे

(1) विश्वविद्यालय में (2) रेलवे में (3) रोडवेज में (4) डाक विभाग में

(iii) 'नये मेहमान' किस शहर से आये थे? –

(1) कलकत्ता (2) जबलपुर (3) बिजनौर (4) भोपाल

(iv) 'अध्यक्ष बनने वाले प्राय: सिलवा लेते हैं-

(1) कुर्ता (2) शेरवानी (3) सफारी (4) अंगरखा

प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों का एक शब्द अथवा एक वाक्य में उत्तर दीजिए- 1x5=5

(i) लक्ष्मीबाई एक तेजस्वी नारी थी'- यह वाक्य शुद्ध है अथवा अशुद्ध।

(ii) जिसका कोई शत्रु न हो' के लिये एक शब्द क्या है?

(iii) प्रसादजी ने 'पनघट' किसे कहा है?

(iv) आधुनिक युग का प्रेमचंद किसे कहते हैं?

(v) 'उल्टी गंगा बहाना' का क्या अर्थ है?

प्रश्न 6. बहन को भाई का 'ध्रुव तारा' क्यों कहा गया है? 4

(अथवा) बिहारी के अनुसार एक ही वस्तु किसी को सुंदर और किसी को कुरूप क्या नजर आती है?

प्रश्न 7. "दाँव पर गौरव लगे तो शीश दे देना विहँस कर"- पंक्ति में कवि ने क्या भाव व्यक्त किये हैं? 4

(अथवा) नदी हमें किस प्रकार संस्कार देती है? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 8. प्रगतिवाद' की दो विशेषताएँ बताते हुए दो प्रमुख कवियों के नाम तथा उनका एक-एक रचना लिखिए। 4

(अथवा) हिंदी उपन्यास साहित्य के विकास में प्रेमचंद के योगदान का निरुपण कीजिए।

प्रश्न 9. निबंध को गद्य की कसौटी क्यों कहा गया है? 4

(अथवा) जीवनी और आत्मकथा में अन्तर लिखिए।

प्रश्न 10. बालिका मनोहर के बारे में क्या सोच रही थी?
(अथवा) 'रंग के बिना सब कुछ सूना है' लेखक के कथन का आशय क्या है?

प्रश्न 11. नैनो-टेक्नोलॉजी क्या है? इसके क्षेत्र-विस्तार के बारे में सम्भावनाएँ बनाइए। 5
(अथवा) 'आह मेरा गोपालक देश' महादेवी ने निःश्वास छोड़ते हुए ऐसा क्यों कहा?

प्रश्न 12. दुर्मिल छंद की परिभाषा उदाहरण सहित दीजिए। 5
(अथवा) ब्याजस्तुति एवं ब्याजनिन्दा अलंकार की परिभाषा देते हुए उदाहरण दीजिए।

प्रश्न 13. (A) निम्न वाक्यों को शुद्ध कीजिए- 5
(i) उसके सामने एक गहरी समस्या है।
(ii) रामचरितमानस सबसे श्रेष्ठतम ग्रन्थ है।
(B) भाव विस्तार कीजिए
कविता कोमल हृदय की चीज है।
(अथवा) (A) भाषा एवं विभाषा में कोई दो अन्तर बताइए।
(B) निम्न वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए
(i) मैं गीता के रचयिता को नहीं जानता। (मिश्र वाक्य)
(ii) कितना अद्भुत दृश्य है। (विस्मयबोधक वाक्य)

प्रश्न 14. पं. रामनारायण उपाध्याय अथवा डॉ. रघुवीर सिंह का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर दीजिए- 5
(i) दो रचनाएँ, (ii) भाषा-शैली, (iii) साहित्य में स्थान।

प्रश्न 15. कवि निराला अथवा जयशंकर प्रसाद का काव्यगत परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर दीजिए- 5
(i) भावपक्ष-कलापक्ष (ii) दो रचनाएँ (iii) साहित्य में स्थान।

प्रश्न 16. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए-
असल प्रकाश तो हमारे जीवन में छिपा हुआ है- सृजन का प्रकाश! आदमी का आचरण, आदमी का शील, आदमी का श्रम, आदमी का विवेक और आदमी की भावना, जिसे छू ले, वह प्रकाशित हो जाए। बड़े-बड़े अँधेरों को तराशकर ये प्रकाश निर्झर बहा दे। जवारों जैसे पीताभ गेहूँ के पौधे क्या यह संदेश नहीं देते कि सृजन की यात्रा कभी रुकती नहीं? उसे अँधेरे बंद कमरों में भी नहीं रोका जा सकता।

(अथवा) हे प्रभु! अब मुझे शक्ति दो जिससे उस वीर के खून का बदला ले सकूँ। अब मुझे फिर से रणचण्डी का आह्वान करना है और अपने को गुप्त रखते हुए उस अमरात्मा को शान्ति प्रदान करनी है। अतः जब तक बदला नहीं चुका दूँगा तब तक संन्यासी वेश में रहूँगा और जीवन-पर्यन्त दुःखों का ही वरण करते हुए इस गुरुतर कार्य को निभाऊँगा। अब तक मैं अपने लिये जीता रहा हूँ अब उसके, और देश के लिये जिऊँगा।

प्रश्न 17. निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ एवं प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए- 5

माटी कहै कुम्हार से, क्या तू रौंदे मोहि।
एक दिन ऐसा होयगा, मैं रौदोंगी तोहि।।
यह तन काँचा कुम्भ है, लिये फिरै थे साथ
टपका लागा फुटि गया, कछू न आया हाथ।
(अथवा) जब जग मुझे तोड़ने आता,
मैं हँस-हँस रो देता
जब तुम मुझ पर हाथ उठाती
मैं सुधि-बुधि खो देता।
हृदय तुम्हारा-सा ही मेरा,
इसको यों न मरोड़ो।
देखो मालिन, मुझे न तोड़ो

प्रश्न 18. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 5 http://www.mpboardonline.com

ज्ञान राशि के संचित कोष का नाम ही साहित्य है। प्रत्येक भाषा का अपना साहित्य होता है। जिस भाषा का साहित्य नहीं होता वह रूपवती भिखारिणी के समान कदापि आदरणीय नहीं हो सकती। भाषा की शोभा, उसकी श्री-सम्पन्नता उसके साहित्य पर ही निर्भर करती हैं। साहित्य में जो शक्ति छिपी है वो तोप-तलवारों में नहीं है। साहित्य समाज का दर्पण है- इसका निर्माण और रसास्वादन करना हम सभी का परम कर्तव्य है।

प्रश्न - (क) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक दीजिए।
(ख) साहित्य किसे कहते हैं?
(ग) गद्यांश का सारांश लिखिए।

प्रश्न 19. चोरी की बढ़ती हुई घटनाओं को देखते हुए नगर के पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर गश्त बढ़ाने का निवेदन कीजिए। 5

(अथवा) सचिव, माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र., भोपाल को कक्षा 12वीं की अंक-सची की द्वितीय प्रति माँगने हेतु आवेदन-पत्र लिखिए।

प्रश्न 20. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए- 10

(i) कम्प्यूटर युग

(ii) प्रदूषण- कारण और निदान

(iii) भारत की राष्ट्रीय एकता

(iv) जल ही जीवन है।